आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 15.09.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए पहली किस्त जारी की–डिजिटल माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में बत्तीस करोड़ रुपए किए ट्रांसफर।**

**2– सुकमा जिले में जादू–टोना के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या–पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार।**

**3– प्रधानमंत्री कल दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये झरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।**

**4– छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग के बीच नये मार्गों पर बस संचालन के लिए बनी सहमति।**

## पीएम ग्रामीण आवास योजना–राशि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएम ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसमें बत्तीस करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेजे गए। इसके अलावा बत्तीस हजार मकानों के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना से संबंधित क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

## सुकमा–ग्रामीण हत्या

सुकमा जिले के कोंटा स्थित एतकल गांव में ग्रामीणों ने जादू–टोना के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी है। घटना की जानकारी देते हुए बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरूष शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने इस घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के संबंध में कोंटा थाना में आगे की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले जादू–टोना के शक में बलौदाबाजार जिले में भी एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दुर्ग–विशाखापट्नम वंदेभारत

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस के शुरू होने के पहले आज दुर्ग स्टेशन पहुंचकर ट्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम कार्यक्रम की सराहना की और वंदेभारत की तकनीक को भी देखा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच चलने वाली प्रदेश की दूसरी वंदेभारत एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये झरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन रायपुर से शाम चार बजकर पंद्रह मिनट पर रवाना होगी, जो रात बारह बजकर बीस मिनट पर विशाखापट्नम पहुंचेगी। इस ट्रेन का संचालन गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिनों तक किया जाएगा।

**माओवादी शिनाख्त–शिक्षक हत्या**

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की पहचान कर ली गई है। मारा गया माओवादी माड़वी कोसा जगरगुंडा थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है, जिस पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। इस माओवादी के पास से हथियार सहित बड़ी मात्रा में माओवादी सामाग्री बरामद की गई है। इस माओवादी पर पुलिस पार्टी पर हमला करने, मार्ग अवरूद्ध करने और बेनर–पोस्टर लगाने सहित अन्य घटनाओं में शामिल रहने का आरोप था। वहीं, सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र में माओवादियों ने जनअदालत लगाकर एक शिक्षादूत की हत्या कर दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने इस घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि शिक्षादूत दुधी अर्जुन गोंदपल्ली गांव का निवासी था।

**छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश–यात्री बस**

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए नये मार्गों पर चलाई जाने वाली यात्री बसों के संचालन के लिए दोनों राज्यों के परिवहन विभाग के बीच सहमति बन गई है। इसे लेकर भोपाल में एक अहम बैठक हुई, जिसमें परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से चौंतीस नये मार्गों और मध्यप्रदेश से उन्नीस नये मार्गों को जोड़े जाने पर सहमति बनी।

**अभियंता दिवस**

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। श्री मोदी ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी इंजीनियरों को अभियंता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इंजीनियर्स अपनी दूरदृष्टि और कौशल से किसी राज्य के विकास को नये आयाम दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर विश्वेश्वरैया की निष्ठा और समर्पण सबके लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

**विश्वकर्मा जयंती–श्रमिक सम्मेलन**

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सत्रह सितंबर को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संतावन हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवार को उनचास करोड़ तैंतालीस लाख रूपए से अधिक की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से वितरित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिजनों के लिए संचालित तीस जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

**मुख्यमंत्री–करमा तिहार**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में आयोजित करमा तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारे पूर्वजों की देन है। प्रगति के साथ–साथ आदिवासी संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने कंवर समाज के युवाओं द्वारा करमा तिहार मनाए जाने पर खुशी जताई। मुख्यमंत्री करमा तिहार कार्यक्रम में खुद को रोक नहीं पाए और मांदर की थाप पर झूमते नजर आए।

**हिन्दी दिवस**

रायपुर स्थित केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में कल हिन्दी दिवस और हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर प्रबीर कुमार नायक ने राजभाषा हिंदी, सतर्कता जागरूकता और जल संरक्षण जैसे मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। इस वर्ष हिंदी दिवस की थीम "हिंदी पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक" पर आधारित है। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आज से तीस सितंबर तक आयोजित होने वाले हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

**शैक्षणिक सत्र–अवकाश**

लोक शिक्षण संचालनालय ने चालू शिक्षा सत्र के लिए राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश की सूची जारी कर दी है। आदेश के अनुसार शैक्षणिक सत्र के शिक्षा संस्था के लिए चौंसठ दिनों का अवकाश घोषित किया गया है। दशहरा के अवसर पर सात से बारह अक्टूबर तक और दीपावली पर अट्ठाईस अक्टूबर से दो नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, शीतकालीन अवकाश तेईस से अट्ठाईस दिसंबर तक रहेगा। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से पंद्रह जून तक घोषित किया गया है।

**अग्निवीर भर्ती–प्रशिक्षण**

जांजगीर–चांपा जिले में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले युवाओं को पूर्व सैनिकों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे लेकर युवाओं में काफी उत्साह है और वे बड़ी संख्या में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को आवास और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**चक्रधर समारोह**

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित चक्रधर समारोह में कल कुचिपुड़ी नृत्यांगनाओं ने गणपति और शिव वंदना की प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने रामलला के जीवन दर्शन और गणेश वंदना को नृत्य के जरिये पेश किया।

वहीं, कोलकाता की पौशाली चटर्जी ने मणिपुरी नृत्य के जरिये राधा–कृष्ण की होली, कृष्ण और सखा द्वारा माखनचोरी को मंच पर प्रस्तुत किया। इसके बाद मुंबई की कृष्णभद्रा नम्बूदरी ने भरतनाट्यम और संगीता कापसे की टीम ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा विनोद मिश्रा ने शास्त्रीय गायन, आलोक श्रीवास ने कत्थक नृत्य और रायगढ़ की अनन्ता पांडेय, शाश्वती बनर्जी और तब्बू परवीन ने कत्थक नृत्य में शिव की उपासना और कृष्ण रासलीला से समा बांध दिया।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– दूरदर्शन आज अपने स्थापना की पैंसठवीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत पंद्रह सितंबर उन्नीस सौ उनसठ को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

– आज ओणम त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मलयाली समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को भुवनेश्वरी जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदि शक्ति स्वरुपा मां भुवनेश्वरी देवी दस महाविद्याओं में से एक महा विद्या मानी जाती हैं।

– सामान्य प्रशासन विभाग ने कल सोलह सितंबर को मिलाद–उन–नबी पर राज्य में सामान्य अवकाश और सत्रह सितंबर को अनंत चतुर्दशी तथा विश्वकर्मा जयंती पर ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है।

– राज्य स्थापना दिवस पर राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए जाने वाले महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव और गुण्डाधूर सम्मान के लिए पच्चीस सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना–एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।

**<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>**

– बालोद जिले के बगदई गांव में डायरिया से अब तक पंद्रह लोग बीमार हो चुके हैं। पीड़ितों को गुरूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की है।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में साइबर सेल और गौरेला पुलिस ने गांजा की तस्करी करते तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के पास से करीब इक्कीस लाख रूपये मूल्य का एक क्विंटल से अधिक का गांजा बरामद किया गया है।

– बलरामपुर जिले के सासु नदी के तेज बहाव में दो व्यक्ति बह गए। पुलिस और गोताखोर की टीम दोनों की तलाश में जुट गई है।

– रायगढ़ जिले के रायगढ़ और धरमजयगढ़ वनमंडल में बीती रात हाथियों के दल ने बैसी, बनहर, मेढरमार, कोयलार और शेरवन गांव में धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वहीं, पंडरमुड़ा और भैंसगड़ी में भी हाथियों ने लगभग बत्तीस किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**